Asangba Chuba Ao, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक : Quality/61/2018-19/(Part-I)/5686 दिनांक : 15.09.2022

सेवा में

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA),
सभी जिला।

विषय : **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के माध्यम से कक्षा VI-XII के कुल 548 विद्यार्थियों का Orientation कार्यक्रम कराने के संबंध में।**

प्रसंग : निदेशक, IIT पटना के पत्रांक 01 दिनांक 06.09.2022 एवं बिहार मैथेमैटिकल सोसाइटी के पत्रांक 71 दिनांक 12.09.2022।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में सूचित करना है कि राज्य के कक्षा VI-XII के 548 विद्यार्थियों (सूची संलग्न) के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के द्वारा निम्न कार्यक्रम अनुसार 15 दिवसीय Orientation कार्यक्रम– Instructional School Mathematical Foundation (ISMF) 2022 के आयोजन पर सहमति व्यक्त की गयी है।

क्र०	Orientation कार्यक्रम की अवधि	प्रतिभागी का विवरण	कुल प्रतिभागी की संख्या
1	08–23 अक्टूबर, 2022	**कक्षा 9 से 12** (संलग्न सूची के Winners of SRTSTM, TSTM and TNP 2021)	337
2	05–19 नवम्बर, 2022	**कक्षा 6 से 8** (संलग्न सूची के Winners of SRTSTM, TSTM and TNP 2021)	211

अंकनीय है कि बिहार मैथेमैटिकल सोसाइटी के द्वारा वर्ष 2021 में Srinivasa Talent Search Test in Mathematics (SRTSTM), Talent Search Test in Mathematics (TSTM) एवं Talent Nurture Programme (TNP) के माध्यम से राज्य के कक्षा VI-XII के 548 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के द्वारा Orientation कार्यक्रम का आयोजन आवासीय रूप से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं के भोजन, आवासन की व्यवस्था IIT, पटना के द्वारा की जायेगी। जबकि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व संध्या को IIT, पटना में पहुँचाने तथा कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत IIT, पटना से वापस घर तक पहुँचाने की जिम्मेवारी संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA) की होगी।

अतः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के द्वारा आहूत 15 दिवसीय Orientation कार्यक्रम– Instructional School Mathematical Foundation (ISMF) 2022 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संलग्न सूची के छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के लिए निम्नवत् निदेश दिये जाते है :–

(1) सभी जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA) संलग्न सूची से अपने जिला के कक्षा VI-VIII एवं कक्षा IX-XII के छात्र/छात्राओं (Winners of SRTSTM, TSTM and TNP 2021) की सूची तैयार करेंगे तथा सूची के छात्र/छात्राओं से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के द्वारा आहूत 15 दिवसीय Orientation कार्यक्रम– Instructional

☎:0612-2667163/2667168, fax: 0612-2667190, Email: ssabihar@gmail.com, Website www.bepcssa.in

Asangba Chuba Ao, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

School Mathematical Foundation (ISMF) 2022 में भाग लेने हेतु सहमति पत्र प्राप्त करेंगे। सहमति पत्र का प्रारूप संलग्न है।

(2) सभी जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA) छात्र/छात्राओं से सहमति पत्र प्राप्त करके दिनांक 30 सितम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से राज्य कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

(3) 15 दिवसीय Orientation कार्यक्रम– Instructional School Mathematical Foundation (ISMF) 2022 में भाग लेने के लिए कक्षा IX-XII के छात्र/छात्राओं को दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 की संध्या 04:00 बजे तक संबंधित जिला के द्वारा IIT, पटना में पहुँचाया जायेगा तथा कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात् दिनांक 24 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10:00 बजे IIT, पटना से लेकर उनके घर तक पहुँचाने की जिम्मेवारी जिला की होगी। इसी प्रकार कक्षा VI-VIII के छात्र/छात्राओं को दिनांक 04 नवम्बर, 2022 की संध्या 04:00 बजे तक संबंधित जिला के द्वारा IIT, पटना में पहुँचाया जायेगा तथा कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात् दिनांक 20 नवम्बर, 2022 को प्रातः 10:00 बजे IIT, पटना से लेकर उनके घर तक पहुँचाने की जिम्मेवारी जिला की होगी। इस पर होने वाले व्यय का वहन जिलों के द्वारा समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2022–23 के Quality Intervention शीर्ष अन्तर्गत उपशीर्ष LEP Class VI to VIII एवं LEP Class IX to XII से किया जायेगा।

(4) इस कार्यक्रम के संबंध में विशेष जानकारी अथवा पृच्छा के लिए निम्नांकित संपर्क संख्या का उपयोग किया जा सकता है :–

क्र०	नाम	पदनाम	मोबाइल नंबर
1	डॉ० विजय कुमार	संयोजक–सह–कार्यकारी संयुक्त सचिव, बिहार मैथेमैटिकल सोसाइटी	9835057735
2	डॉ० नूतन कुमार तोमर	विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, IIT पटना	7292813160
3	डॉ० ओम प्रकाश	संकाय सदस्य, गणित विभाग, IIT पटना	8936837975

विश्वासभाजन

अनुलग्नक : यथोक्त।

14/9/22

(असंगबा चुबा आओ)
राज्य परियोजना निदेशक

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

:0612-2667163/2667168, fax: 0612-2667190, Email: ssabihar@gmail.com, Website www.bepcssa.in